# SBI भारतीय स्टेट बैंक

केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केन्द्र, मुंबई
फोन: 022-2282 0427

## परिवीक्षाधीन अधिकारियों की भर्ती

**विज्ञापन संख्या: CRPD/ PO/ 2019-20/ 01**

**आवेदन का ऑन–लाइन पंजीकरण और शुल्क जमा करने की तिथि : 02.04.2019 से 22.04.2019**

अभी आवेदन करें

भारतीय स्टेट बैंक में परिवीक्षाधीन अधिकारियों (पीओ) के रूप में नियुक्ति हेतु पात्र भारतीय नागरिकों से आवेदन–पत्र आमंत्रित किए जाते हैं. चयनित उम्मीदवारों को भारत में कहीं पर भी पदस्थ किया जा सकता है.

**1.** आवेदन करने से पूर्व उम्मीदवार यह सुनिश्चित करें कि वे पात्रता की तिथि को संबंधित पद हेतु निर्धारित पात्रता पूरी करते हैं.
**2.** पंजीकरण की प्रक्रिया तभी पूरी मानी जाएगी, जब आवेदन शुल्क को जमा करने की अंतिम तिथि या उससे पूर्व बैंक में ऑनलाइन जमा कर दिया गया हो.
**3.** उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे अन्य विवरण एवं अद्यतन सूचना हेतु बैंक की वेबसाइट **https://bank.sbi/careers** अथवा **https://www.sbi.co.in/careers** को नियमित रूप से देखें.
विज्ञापन में होने वाले किसी परिवर्तन/अद्यतन सूचना को अलग से विज्ञापित/सूचित नहीं किया जाएगा।

भारतीय स्टेट बैंक में परिवीक्षाधीन अधिकारी के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान करने की इच्छा रखने वाले पात्र उम्मीदवारों को भर्ती प्रक्रिया के लिए अपना ऑन–लाइन पंजीकरण करना होगा. परीक्षा तीन चरणों में आयोजित की जाएगी– प्रारंभिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा तथा समूह चर्चा और साक्षात्कार. प्रारंभिक परीक्षा में चयनित/चुने हुए उम्मीदवारों को मुख्य परीक्षा देनी होगी और मुख्य परीक्षा में चुने गए उम्मीदवारों को बाद में समूह चर्चा और साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा.

संभावित उम्मीदवारों को परीक्षा और साक्षात्कार की प्रक्रिया, पात्रता मानदंड, ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया, निर्धारित आवेदन शुल्क/सूचना प्रभार का भुगतान, परीक्षा का पैटर्न, कॉल लेटर जारी करने आदि से संबंधित विज्ञापन में दी गई जानकारी को ध्यान से पढ़ने के बाद आवेदन करना होगा और यह सुनिश्चित करना होगा कि वे निर्धारित मानदंडों को पूरा करते हैं तथा निर्धारित प्रक्रिया का पालन कर रहे हैं.

**भर्ती प्रक्रिया का प्रस्तावित कार्यक्रम इस प्रकार है :**

| गतिविधि | दिनांक |
|---|---|
| उम्मीदवार द्वारा आवश्यक सम्पादन/संशोधन सहित आवेदन का ऑनलाइन पंजीकरण | 02.04.2019 से 22.04.2019 |
| आवेदन शुल्क/सूचना प्रभार का भुगतान | 02.04.2019 से 22.04.2019 |
| ऑनलाइन प्रारंभिक परीक्षा के लिए कॉल लेटर डाउनलोड करना | मई 2019 के तीसरे सप्ताह के बाद से |
| ऑनलाइन परीक्षा – प्रारंभिक | 08, 09, 15 और 16 जून 2019 |
| ऑनलाइन परीक्षा का परिणाम – प्रारंभिक | जुलाई 2019 का पहला सप्ताह |
| ऑनलाइन मुख्य परीक्षा के लिए कॉल लेटर डाउनलोड करना | जुलाई 2019 का दूसरा सप्ताह |
| ऑनलाइन परीक्षा का आयोजन – मुख्य | 20.07.2019 |
| परिणाम की घोषणा – मुख्य परीक्षा | अगस्त 2019 का तीसरा सप्ताह |
| समूह चर्चा और साक्षात्कार के लिए कॉल लेटर डाउनलोड करना | अगस्त 2019 का चौथा सप्ताह |
| समूह चर्चा और साक्षात्कार का आयोजन | सितंबर 2019 |
| अंतिम परिणाम की घोषणा | अक्टूबर 2019 का दूसरा सप्ताह |
| अनु.जाति/अनु.जन जाति/धार्मिक अल्पसंख्यक समुदाय के उम्मीदवारों के लिए परीक्षा–पूर्व प्रशिक्षण | |
| परीक्षा–पूर्व प्रशिक्षण के लिए कॉल लेटर डाउनलोड करना | मई 2019 के दूसरे सप्ताह के बाद |
| परीक्षा–पूर्व प्रशिक्षण का आयोजन | मई 2019 का चौथा सप्ताह |

**उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि अन्य विवरण और अद्यतन जानकारी के लिए एसबीआई की अधिकृत वेबसाइट https://bank.sbi/careers अथवा https://www.sbi.co.in/careers देखते रहें.**

**रिक्त–पद:**

| श्रेणी | अ.जा. | अ.ज.जा. | अ.पि.व.* | ईडब्ल्यूएस | सामान्य | कुल | एल.डी.# | वी.आई.# | एच.आई.# | डी और ई#@ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रिक्त–पद | 300 | 150 | 540 | 200 | 810 | 2000 | 20 | 20 | 20 | 20 |
| बकाया | -- | -- | -- | -- | -- | -- | -- | -- | 53 | -- |
| कुल | 300 | 150 | 540 | 200 | 810 | 2000 | 20 | 20 | 73 | 20 |

| | |
|---|---|
| * | अन्य पिछड़े वर्गों (ओबीसी) के लिए आरक्षित रिक्त–पद 'नॉन क्रीमी लेयर' से संबंधित ओबीसी उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध हैं. 'क्रीमी लेयर' वाले ओबीसी उम्मीदवार अपनी श्रेणी को 'सामान्य' श्रेणी के रूप में दर्शाएं. |
| # | पी.डब्ल्यू.डी. श्रेणी के उम्मीदवारों से संबंधित रिक्त–पदों को समस्तर पर आरक्षित किया गया है. |
| @ | दिव्यांगजन अधिनियम 2016 की धारा 34 (i) के खंड 'डी एवं ई' के तहत दिव्यांगजन श्रेणियां – (i) ''विशिष्ट शिक्षण अशक्तता'' (एस.एल.डी.); (ii) ''मानसिक बीमारी'' (एम.आई); (iii) ''बहु अशक्तता'' (एल.डी., वी.आई., एच.आई., एस.एल.डी. एवं एम.आई. में बहु अशक्तताएं). |

आरक्षण सहित सभी रिक्त–पद अनंतिम हैं तथा बैंक की आवश्यकताओं के अनुसार इनमें परिवर्तन किया जा सकता है.

**1. पात्रता मानदण्ड :**

**(क)** अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता : (31.08.2019 को)

मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी वर्ग में स्नातक या केन्द्र सरकार से मान्यताप्राप्त समकक्ष शैक्षणिक योग्यता. जो उम्मीदवार अपनी स्नातक परीक्षा के अंतिम वर्ष/सेमेस्टर में हैं, वे भी अनंतिम रूप से इस शर्त के अध्यधीन आवेदन कर सकते हैं कि यदि उन्हें साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है, तो उन्हें दिनांक 31.08.2019 को या उससे पूर्व स्नातक परीक्षा पास करने का प्रमाण प्रस्तुत करना होगा. समन्वित दोहरी डिग्री (आईडीडी) प्रमाणपत्र वाले उम्मीदवार यह सुनिश्चित करेंगे कि आईडीडी की पासिंग (उत्तीर्ण) तिथि 31.08.2019 को या उससे पूर्व की है. चार्टर्ड अकाउंटेंट की योग्यता रखनेवाले उम्मीदवार भी इस पद के लिए आवेदन कर सकते हैं.

**टिप्पणी :**

(1) पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने की तिथि विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा जारी अनंतिम प्रमाणपत्र या अंक–तालिका पर दी हुई तिथि होगी. यदि किसी परीक्षा विशेष के परिणाम विश्वविद्यालय/संस्थान की वेबसाइट पर उपलब्ध कराए जाते हैं, तो विश्वविद्यालय/संस्थान के उपयुक्त प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाणपत्र, जिसमें परिणाम को वेबसाइट पर उपलब्ध कराने की तिथि का उल्लेख होगा, के आधार पर उत्तीर्ण तिथि स्वीकार की जाएगी.

(2) ऑनलाइन आवेदन में उम्मीदवारों को स्नातक परीक्षा में प्राप्त प्रतिशत निकटतम दो दशमलव तक दर्शाने होंगे. यदि सीजीपीए/ओजीपीए दिए गए हों, तो उन्हें प्रतिशत में रुपांतरित करके ऑनलाइन आवेदन में दर्शाना होगा. साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने पर उम्मीदवार को उचित प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा, जिसमें अन्य बातों के साथ–साथ श्रेणी को प्रतिशत में रूपांतरित करने संबंधी विश्वविद्यालय के नियम और उन नियमों के अनुसार उम्मीदवार द्वारा प्राप्त किए अंकों के प्रतिशत लिखे होने चाहिए.

(3) प्रतिशत की गणना : सभी सेमेस्टर/वर्षों में सभी विषयों में प्राप्त किए हुए अंकों को ऑनर्स/वैकल्पिक/अतिरिक्त वैकल्पिक विषय यदि कोई हो, के बावजूद कुल अधिकतम अंकों से विभाजित करके प्रतिशत अंक निकाले जाएंगे. यह नियम उन विश्वविद्यालयों के लिए भी लागू होगा, जहाँ वर्ग/श्रेणी केवल ऑनर्स के अंकों पर आधारित हो. इस तरह निकाले गए प्रतिशत में अपूर्णांक को नज़रअंदाज़ किया जाएगा, जैसे 59.99% को 60% से कम समझा जाएगा और 54.99% को 55% से कम समझा जाएगा.

**(ख) आयु सीमा :** (01.04.2019 को)

दिनांक 01.04.2019 को उम्मीदवार की आयु 21 वर्ष से कम और 30 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए, अर्थात उम्मीदवार का जन्म दिनांक 02.04.1989 से पहले और 01.04.1998 के पश्चात नहीं होना चाहिए (दोनों दिन समाविष्ट).

**ऊपरी आयु सीमा में छूट :**

| क्र. | श्रेणी | | आयु में छूट |
|---|---|---|---|
| 1. | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति | | 5 वर्ष |
| 2. | अन्य पिछड़े वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर) | | 3 वर्ष |
| 3. | शारीरिक रूप से अशक्त व्यक्ति (पीडब्ल्यूडी) | पीडब्ल्यूडी (अजा/अजजा) | 15 वर्ष |
| | | पीडब्ल्यूडी (अपिव) | 13 वर्ष |
| | | पीडब्ल्यूडी (सामान्य/ईडब्ल्यूएस) | 10 वर्ष |
| 4. | आपातकालीन कमीशन प्राप्त अधिकारियों (ईसीओ)/अल्पावधि सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारियों (एसएससीओ) सहित भूतपूर्व सैनिक बशर्ते आवेदनकर्ता ने सैन्य सेवा में लगातार कम से कम 5 वर्ष सेवा की हो और जो निर्दिष्ट कार्यकाल पूरा होने पर सेवामुक्त किए गए हैं (इनमें वे भी शामिल हैं जिनका कार्यकाल आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि से 6 महिने में पूरा होने वाला हैं) किंतु उनमें वे भूतपूर्व सैनिक शामिल नहीं है जिन्हें कदाचार या अकुशलता या शारीरिक अक्षमता के कारण सेवामुक्त किया गया है अथवा जो सैन्य सेवा से संबंधित अपंगता या अशक्तता के कारण से सेवामुक्त कर दिए गए हों. | | 5 वर्ष |
| 5. | वे उम्मीदवार जो 1 जनवरी, 1980 और 31 दिसम्बर 1989 के बीच की अवधि में सामान्यत: जम्मू और कश्मीर राज्य के अधिवासी रहे थे. | | 5 वर्ष |

टिप्पणी : आयु सीमा संबंधी छूट उपर्युक्त मदों या विभिन्न मदों के अंतर्गत दर्शायी गई अन्य आयु सीमा की छूटों को मिलाकर नहीं दी जाएगी.

(ग) अन्य: **i.** ऋण/क्रेडिट कार्ड की बकाया राशि के भुगतान में चूक का रेकार्ड रखने वाले उम्मीदवार तथा/अथवा जिनके नाम सिबिल या अन्य बाह्य एजेन्सियों की प्रतिकूल रिपोर्ट में उपलब्ध हैं, वे इस पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं है.

**ii.** जिन उम्मीदवारों के चरित्र एवं पूर्ववृत्त (कैरेक्टर एंड एंटीसिडन्टस) नैतिक आचरण के विपरीत रिपोर्ट हैं, वे इस पद के लिए आवेदन करने के लिए पात्र नहीं हैं.

**2. शारीरिक रूप से अशक्त (पीडब्ल्यूडी) व्यक्तियों के लिए आरक्षण :**

अशक्त व्यक्तियों का अधिकार अधिनियम 2016 की धारा 34 के अनुसार निर्धारित अशक्तता रखने वाले व्यक्तियों को 4 प्रतिशत का समस्तरीय आरक्षण दिया गया है. इस अधिनियम के अंतर्गत यह पद निम्नालिखित श्रेणी की अशक्तता के लिए आरक्षित होगा :–

**क. चलने की अशक्तता (एलडी) :** ऐसा व्यक्ति जो मस्तिष्क अथवा नर्वस विकार अथवा दोनों के कारण स्वयं और वस्तु की गति से जुड़े कार्यकलाप कर पाने में अक्षम हो. इसमें निम्नलिखित भी समिलित हैं. चलने–फिरने की अशक्तता के अंतर्गत सेरेब्रल पाल्सी, ठीक हो चुका कोढ़, बौनापन, मांसपेशीय दुर्विकार तथा एसिड अटैक के पीड़ित आते हैं. निम्नालिखित आस्थ विकलांग व्यक्ति भी चलने की अशक्तता के अंतर्गत माने जाते हैं :–

अ. ओए – एक हाथ प्रभावित (दाहिना या बायां)
ब. ओएल – एक पैर प्रभावित (दाहिना या बायां)
क. ओएएल – एक हाथ और एक पैर प्रभावित
ड. बीएल – दोनों पैर प्रभावित किंतु हाथ प्रभावित नहीं

ओए और ओएल श्रेणी के व्यक्तियों के दूसरे अंग सामान्य रूप से कार्य करते हैं.

**क. 'जिनके कोढ़ ठीक हो चुके हों'** से आशय उस व्यक्ति से है, जिसका कोढ़ ठीक हो गया है, परंतु वह निम्नलिखित प्रभाव से जूझ रहा है :

**i.** हाथों या पैरों में संवेदना की कमी के साथ–साथ आंखों और पलकों में संवेदना की कमी व पक्षाघात होना, परंतु कोई स्पष्ट विकृति न होना.

**ii.** स्पष्ट विकृति और पक्षाघात होने पर भी जिसके हाथ और पैर सामान्य आर्थिक कार्यकलाप करने में सक्षम हों.

**iii.** चरम शारीरिक विकृति के साथ–साथ उसका कम उम्र का होना, जो उसे कोई लाभप्रद व्यवसाय करने से रोकता हो, वहाँ, 'कोढ़ ठीक हो गया है' भाव को उसी अनुसार समझा जाएगा.

**ख. 'सेरेब्रल पाल्सी'** का आशय उस गैर–विकसनशील न्यूरोजीकल स्थिति से है जो शरीर और मांसपेशियों के समन्वय को प्रभावित करती है. इससे मस्तिष्क का कोई एक या अधिक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो जाता है. यह प्रायः जन्म से पूर्व, जन्म के दौरान या जन्म के तुरंत बाद होता है.

**ग. 'बौनेपन'** से आशय ऐसी चिकित्सकीय या जेनेटिक स्थिति से है, जिससे किसी व्यक्ति की लम्बाई 4 फुट 10 इंच (147 सेंटीमीटर) या उससे कम रह जाती है.

**घ. 'मांसपेशीय दुर्विकार'** से आशय ऐसे अनुवांशिक जेनेटिक मांसपेशीय रोग समूह से है जो उन मांसपेशियों को कमजोर करता है, जिनसे मानव शरीर गतिशील होता है. बहु मांसपेशीय दुर्विकार से पीड़ित व्यक्ति को अपने जीन के बारे में गलत और अधूरी जानकारी होती है, जिससे उनकी स्वस्थ मांसपेशियों के लिए आवश्यक प्रोटीन बननी बाधित हो जाती है. इसे विकसनशील स्केलेटल मांसपेशीय कमजोरी के रूप में माना जाता है, यह मांसपेशीय प्रोटीन को कुप्रभावित करती है, इससे मांसपेशीय सेल और टिश्युज मृत हो जाते हैं.

**ङ. 'एसिड अटैक पीड़ित'** से आशय ऐसे व्यक्ति से है, जो एसिड या इसी तरह के क्षयकारी तत्व फेंकने से कुरूप हो गया हो.

**ख. दृष्टि बाधित (वीआई) :** केवल वे ही दृष्टिहीन विकलांग (वीआई) व्यक्ति आवेदन करने के लिए पात्र है, जो बेहतर स्थिति में आने से पहले निम्नलिखित में से किसी एक स्थिति से ग्रस्त रहे हैं :

अ. **दृष्टिहीनता :**

i. पूर्णतः दृष्टिहीन होना या

ii. वास्तव में दृष्टि सुधारात्मक लेंस के साथ बेहतर आंखों में 3/60 अथवा 10/200 (स्नेलेन) से अधिक न हो अथवा

iii. दृष्टि के क्षेत्र की सीमा विरुद्ध दिशा में 10 डिग्री के कोण बनाती हो या उससे भी कम. अथवा

ब. **मंद दृष्टि :**

i. वास्तविक दृष्टि सुधार के बाद दृष्टि तीक्ष्णता 6/18 से अधिक न हो या 20/60 से 3/60 अथवा 10/200 (स्नेलेन) से कम न हो

ii. दृष्टि के क्षेत्र की सीमा विरुद्ध दिशा में 40 से 10 डिग्री के कम के कोण बनाती हो.

ग. **श्रवण बाधित (एच.आई.):**

क. बधिर : वे व्यक्ति जिनके दोनों कानों की श्रवण क्षमता 70 डीबी से कम रह गई हो.

ख. बहरापन : वे व्यक्ति जिनके दोनों कानों की श्रवण क्षमता की हानि 60 डीबी से 70 डीबी हो गई हो.

घ. **'डी एवं ई'** : केवल वे व्यक्ति, जो निम्नलिखित में से किसी एक प्रकार की दिव्यांगता से ग्रस्त हैं, वे इस श्रेणी के तहत आवेदन करने के लिए पात्र हैं:

क. **''विर्निर्दिष्ट विद्या दिव्यांगता'' (एसएलडी)** से स्थितियों का एक ऐसा विजातीय समूह अभिप्रेत है जिसमें भाषा को बोलने या लिखने की प्रक्रिया द्वारा आलेखन करने में कमी विद्यमान होती है जो समझने, बोलने, लिखने, अर्थ निकालने या गणितीय गणना करने में कमी के रूप में सामने आती है और इसके अंतर्गत बोधक दिव्यांगता डाइसेक्सिया, डायसग्राफिया, डायसकैलकुलिया तथा विकासात्मक अफेसिया जैसी स्थितियां भी हैं.

ख. **''मानसिक रुग्णता'' (एमआई)** से चिंतन, मनोदशा, बोध, अभिसंस्करण या स्मरणशक्ति का अत्यधिक विकार अभिप्रेत है जो जीवन की साधारण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए समग्र रूप से निर्णय, व्यवहार, वास्तविकता को पहचानने की क्षमता या योग्यता को प्रभावित करता है किंतु जिसके अंतर्गत मानसिक मंदता नहीं है जो किसी व्यक्ति के मस्तिष्क का विकास रुकने या अपूर्ण होने की स्थिति है विशेषकर जिसकी विशिष्टता बुद्धिमता का सामान्य से कम होना है.

ग. **''बहु दिव्यांगता''** से एलडी, वीआई, एचआई, एसएलडी और एमआई मे बहु दिव्यांगता अभिप्रेत है.

**नोट : निर्धारित अशक्तता** वाले व्यक्तियों को ही आरक्षण का पात्र माना जाएगा. **'निर्धारित अशक्तता** वाले व्यक्ति' से आशय उस व्यक्ति से है जो **विनिर्दिष्ट अशक्तता** का कम से कम **40 प्रतिशत अशक्त** हो, उन मामलों में जहाँ विनिर्दिष्ट अशक्तता को मापन श्रेणी में नहीं रखा गया है. प्रमाणित करने वाले प्राधिकारी के प्रमाणन के अनुसार इसके अंतर्गत वह अशक्त व्यक्ति भी आता है जिसकी अशक्तता को मापन श्रेणी में रखा गया है.

आरक्षण का लाभ चाहने वाले व्यक्ति को भारत सरकार के अंतर्गत निर्धारित सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी अशक्तता प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा. बैंक के सक्षम अधिकारी के निर्णयनुसार इस प्रमाणपत्र का सत्यापन/पुनर्सत्यापन किया जा सकेगा.

**लेखक का उपयोग और प्रतिपूरक समय :**

यदि उम्मीदवार चाहते हैं, तो लेखक की सुविधा ऐसे किसी भी व्यक्ति के लिए अनुमत की जाएगी जो 40 प्रतिशत या उससे अधिक अशक्त है. अशक्तता वाले केवल उन्हीं उम्मीदवारों को जिनकी लिखने में कमजोर होने के साथ–साथ लिखने की गति भी प्रभावित है. लेखक का उपयोग करने के सभी मामलों में निम्नलिखित नियम लागू होंगे.

- जो उम्मीदवार पात्र हैं और परीक्षा में लेखक की सेवा का उपयोग करना चाहते हैं, उन्हें ऑनलाइन आवेदन फार्म में इस बात का सावधानीपूर्वक उल्लेख करना होगा.
- उम्मीदवार और लेखक दोनों को ऑनलाइन परीक्षा के समय निर्धारित प्रारूप में एक उचित वचनपत्र देना होगा.
- ऐसे उम्मीदवार जो एक लेखक के उपयोग के लिए पात्र हैं, परीक्षा के प्रति घंटे 20 मिनट के प्रतिपूरक समय के लिए पात्र होंगे, चाहे वे लेखक की सुविधा का लाभ उठा रहे हों, या नहीं
- उम्मीदवार को अपने निजी खर्चे पर अपने निजी लेखक का प्रबंध करना होगा.
- लेखक का उपयोग करने की अनुमति भारत सरकार, सामाजिक न्याय एवं अधिकार मंत्रालय, निःशक्तता कार्य विभाग, नई दिल्ली के कार्यालय ज्ञापन एफ नं. 16-110/200-डीडी-III दिनांक 26 फरवरी 2013 के अनुसार जारी दिशा–निर्देशों और भारत सरकार, वित्त मंत्रालय , वित्तीय सेवाएं विभाग के पत्र क. एफ.एन. 3.2.2013–वेलफेयर दिनांक 26.4.2013 के द्वारा जारी स्पष्टीकरण अनुसार दी जाएगी.
- यदि दिव्यांग उम्मीदवार अपने स्वयं के स्क्राइब को लाता है, तो परीक्षा देने वाले उम्मीदवार की योग्यता से स्क्राइब की योग्यता एक कदम नीचे होनी चाहिए.

## 3. श्रेणी :

**ऑनलाइन आवेदन करते समय श्रेणी का नाम एवं श्रेणी कोड लिखने संबंधी निर्देश :**

कृपया ध्यान रखें कि ऑनलाइन आवेदन पंजीकरण करने के बाद श्रेणी में बदलाव नहीं किया जायेगा.

उम्मीदवार जो अन्य पिछड़े वर्ग के हों लेकिन 'क्रीमी लेयर' के अंतर्गत आते हों उन्हें आरक्षण तथा आयु–सीमा में छूट का लाभ नहीं मिलेगा. ऐसे उम्मीदवार अपनी श्रेणी 'सामान्य' अथवा 'सामान्य (अस्थि विकलांग)' अथवा 'सामान्य (दृष्टि विकलांग)' अथवा 'सामान्य (श्रवण बाधित)' अथवा 'सामान्य (डी और ई)' (जो भी लागू हो) के रूप में दर्शाएं.

ईडब्ल्यूएस श्रेणी के तहत आरक्षण का लाभ भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी 'आय और संपत्ति प्रमाण पत्र' के प्रस्तुतीकरण पर उठाया जा सकता है.

| श्रेणी | कोड | श्रेणी | कोड | श्रेणी | कोड | श्रेणी | कोड | श्रेणी | कोड |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ.जा. | 01 | अ.ज.जा. | 06 | अ.पि.व. | 11 | सामान्य | 16 | ईडब्ल्यूएस | 21 |
| अ.जा. (एलडी) | 02 | अ.ज.जा.(एलडी) | 07 | अ.पि.व. (एलडी) | 12 | सामान्य (एलडी) | 17 | ईडब्ल्यूएस (एलडी) | 22 |
| अ.जा. (वीआई) | 03 | अ.ज.जा.(वीआई) | 08 | अ.पि.व. (वीआई) | 13 | सामान्य (वीआई) | 18 | ईडब्ल्यूएस (वीआई) | 23 |
| अ.जा. (एचआई) | 04 | अ.ज.जा.(एचआई) | 09 | अ.पि.व. (एचआई) | 14 | सामान्य (एचआई) | 19 | ईडब्ल्यूएस (एचआई) | 24 |
| अ.जा.(डी और ई) | 05 | अ.ज.जा.(डी और ई) | 10 | अ.पि.व. (डी और ई) | 15 | सामान्य (डी और ई) | 20 | ईडब्ल्यूएस (डी और ई) | 25 |

## 4. चयन प्रक्रिया :

परिवीक्षाधीन अधिकारियों के चयन की प्रक्रिय तीन चरणों में होगी.

चरण– I : प्रारंभिक परीक्षा :

प्रारंभिक परीक्षा जिसमें ऑनलाइन वस्तुनिष्ठ परीक्षा 100 अंक की होगी. यह परीक्षा 1 घंटे की होगी और निम्नानुसार 3 खण्ड होंगे (तीनों खंडों के लिए अलग–अलग समय सहित) :

| क्र. | परीक्षा का नाम | प्रश्नों की संख्या | अंक | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अंग्रेजी भाषा | 30 | कुल अधिकतम अंक 100 | 20 मिनट |
| 2. | मात्रात्मक योग्यता | 35 | | 20 मिनट |
| 3. | तर्कज्ञान क्षमता | 35 | | 20 मिनट |
| | **कुल** | 100 | | 1 घंटा |

**मुख्य परीक्षा के लिए चयन का मानदंडः**

प्रारंभिक परीक्षा में प्राप्त किए गए कुल अंकों के आधार पर वर्गवार मेरिट लिस्ट बनाई जाएगी. कोई वर्गीय कट–ऑफ नहीं होगा. मुख्य परीक्षा के लिए उम्मीदवारों की सूची, हर वर्ग में, मेरिट में ऊपर से कुल रिक्तियों की लगभग 10 गुनी तैयार की जाएगी.

**चरण– II : मुख्य परीक्षा:**

मुख्य परीक्षा में वस्तुनिष्ठ परीक्षा 200 अंकों की और वर्णनात्मतक परीक्षा 50 अंकों की होगी. वस्तुनिष्ठ और वर्णनात्मक दोनों परीक्षाएं ऑनलाइन होंगी. उम्मीदवारों को वस्तुनिष्ठ परीक्षा के बाद तुरंत वर्णनात्मक परीक्षा के जवाब कंम्प्यूटर पर टाइप करने होंगे. वर्णनात्मक परीक्षा वस्तुनिष्ठ परीक्षा के बाद तुरंत शुरू होगी.

(i) वस्तुनिष्ठ परीक्षाः वस्तुनिष्ठ परीक्षा 3 घंटों की होगी और उसमें 200 अंकों के 4 खण्ड होंगे. वस्तुनिष्ठ परीक्षा में प्रत्येक खण्ड के लिए अलग–अलग समय होगा.

| क्र. | परीक्षा का नाम | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| I | तर्क और कंप्यूटर अभिवृत्ति | 45 | 60 | 60 मिनट |
| II | डाटा विश्लेषण और विवेचन | 35 | 60 | 45 मिनट |
| III | सामान्य/अर्थव्यवस्था/बैंकिंग के बारे में जानकारी | 40 | 40 | 35 मिनट |
| IV | अंग्रेजी भाषा | 35 | 40 | 40 मिनट |
| | कुल | **155** | **200** | **3 घंटा** |

**(ii) वर्णनात्मक परीक्षा :** वर्णनात्मक परीक्षा की अवधि 30 मिनट की होगी (50 अंक) और उसमें अंग्रेजी भाषा (पत्र लेखन और निबंध) की परीक्षा होगी.

**समूह कार्य और साक्षात्कार के लिए चयन का मानदंड :**

मुख्य परीक्षा में प्राप्त कुल अंकों के आधार पर वर्गवार मेरिट लिस्ट बनाई जाएगी. कोई वर्गीय कट–ऑफ नहीं होगा. समूह कार्य एवं साक्षात्कार के लिए उम्मीदवारों की सूची वर्गवार में मेरिट में ऊपर से कुल रिक्तियों की लगभग 3 गुनी तैयार की जाएगी, बशर्तें उम्मीदवार ने बैंक द्वारा निर्णीत न्यूनतम कुल अंक प्राप्त किए हों.

**गलत उत्तरों के लिए दंड ( प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा, दोनों के लिए लागू):**

वस्तुनिष्ठ परीक्षा में अंकित किए गए गलत उत्तरों के लिए दंड होगा. सही स्कोर को प्राप्त करने हेतु उम्मीदवार द्वारा दिए गए प्रत्येक गलत उत्तर के लिए, उस प्रश्न के लिए निर्दिष्ट अंकों से एक चौथाई अंक दंड के तौर पर काटे जाएंगे. यदि प्रश्न को छोड़ दिया गया हो, अर्थात उम्मीदवार द्वारा किसी भी उत्तर को अंकित न किया गया हो, तो उस प्रश्न के लिए कोई दंड नहीं होगा.

**चरण– III : समूह कार्य (20 अंक) एवं साक्षात्कार (30 अंक)**

अन्य पिछड़े वर्गों की श्रेणी में जिन उम्मीदवारों ने समूह कार्य और साक्षात्कार में पात्रता अंक प्राप्त किए हैं उन्हें 'नॉन क्रीमी लेयर' वाक्यांश वाला अपिव प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा. जिन उम्मीदवारों ने खुद को अपिव (ओबीसी) के रूप में पंजीकृत किया है, लेकिन ओबीसी 'गैर– क्रीमी लेयर' प्रमाण पत्र जमा नहीं करते हैं और सामान्य श्रेणी के तहत साक्षात्कार के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा.

**अंतिम चयन :**

प्रारंभिक परीक्षा में (चरण I) में प्राप्त अंकों को चयन में शामिल नहीं किया जाएगा. योग्यता सूची तैयार करने के प्रयोजन हेतु केवल मुख्य परीक्षा (चरण II) के वस्तुनिष्ठ और वर्णनात्मक परीक्षा में प्राप्त अंकों को समूह कार्य और साक्षात्कार (चरण III) में प्राप्त अंकों के साथ जोड़ा जाएगा. उम्मीदवारों को चरण II और चरण III दोनों में अलग–अलग योग्यता प्राप्त करनी होगी.

उम्मीदवारों द्वारा लिखित परीक्षा में प्राप्त किए गए अंकों को (250 अंकों में से) 75 अंकों के अनुसार और समूह कार्य एवं साक्षात्कार में प्राप्त किए गए अंकों को (50 अंकों में से) 25 अंकों के अनुसार रूपांतरित किया जाएगा. मुख्य परीक्षा और समूह कार्य एवं साक्षात्कार के रूपांतरित किए गए अंकों (100 अंकों में से) को मिलाने के बाद योग्यता सूची तैयार की जाएगी. प्रत्येक श्रेणी में अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों में से चयन किया जाएगा.

समूह कार्य एवं साक्षात्कार के लिए पात्र होनेवाले उम्मीदवारों के परिणाम और उसके बाद अंतिम चयनित रूप से उम्मीदवारों की सूची बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध करायी जाएगी.

## 5. परीक्षा केंद्र

i. भारत में कई केंद्रों पर परीक्षा ऑनलाइन आयोजित की जाएगी. प्रारंभिक परीक्षाओं के लिए परीक्षा केंद्र की संभावित सूची अनुलग्नक –I के रूप में संलग्न है.

ii. परीक्षा केंद्र में परिवर्तन के अनुरोध पर विचार नहीं किय जाएगा.

iii. हालांकि, प्रतिसाद और प्रशासनिक व्यवहार्यता, आदि के आधार पर, स्वयं फैसला करके, किसी परीक्षा केंद्र को रद्द करने और/या कुछ और केंद्र शामिल करने के अधिकार को एसबीआई अपने पास सुरक्षित रखता है.

iv. किसी उम्मीदवार के लिए उसके द्वारा चुने गए केंद्र के बदले किसी अन्य केंद्र को निर्धारित करने का अधिकार भी एसबीआई के पास सुरक्षित है.

v. परीक्षा देने के लिए उम्मीदवार परीक्षा केंद्र पर स्वयं की जोखिम और खर्च से आएंगे और उस दौरान किसी भी प्रकार के नुकसान या चोट आदि के लिए एसबीआई जिम्मेदार नहीं होगा.

vi. परीक्षा कक्ष में उम्मीदवार द्वारा किए गए बुरे व्यवहार/दुर्व्यवहार के कारण उसकी उम्मीदवारिता रद्द हो सकती है या एसबीआई द्वारा आयोजित भावी परीक्षाओं के लिए उसे अयोग्य ठहराया जा सकता है.

vii. मुख्य परीक्षा के लिए केंद्र सीमित संख्या में होंगे.

## 6. परिलब्धियाँ :

वर्तमान में कनिष्ठ प्रबंधन श्रेणी स्केल–I को लागू वेतनमान ₹23700-980/7-30560-1145/2-32850-1310/7-42020 के अनुसार प्रारम्भिक मूल वेतन ₹27,620/- (4 अग्रिम वेतनवृद्धि के साथ) है. अधिकारी समय–समय पर लागू नियमों के अनुसार डीए, एचआरए/लीज रेंटल और सीसीए, मेडिकल और अन्य भत्ते और अनुलाभ के लिए भी पात्र होंगे. सीटीसी के आधार पर प्रति वर्ष कुल प्रतिपूर्ति राशि (लगभग) न्यूनतम ₹8.20 लाख और अधिकतम ₹13.08 लाख है, जो नियुक्ति के स्थान और अन्य घटकों पर निर्भर है.

एसबीआई की ओर से एक स्मार्ट प्रतिपूर्ति पैकेज प्रस्तावित करने की योजना है, जो आवश्यक अनुमोदनों के अधीन है, जिससे प्रत्याशी वेतन पैकेज के विशिष्ट तत्वों का मुद्रीकरण करने का विकल्प चुन सकेंगे.

## 7. प्रशिक्षण एवं कैरियर में वृद्धि :

चयनित उम्मीदवारों को बैंक में कार्य–ग्रहण करने से पूर्व आधारभूत बैंकिंग ज्ञान का एक ऑनलाइन प्रशिक्षण दिलाया जाएगा, जिसे बैंक में कार्य–ग्रहण करने से पूर्व उन्हें पूरा करना अनिवार्य होगा. चयनित उम्मीदवारों को बैंक में न्यूनतम 3 वर्ष की सेवा पूरी करने हेतु उन्हें रु.2 लाख (दो लाख रुपए मात्र) का बाँड भरना होगा. यदि अधिकारी अपनी सेवा प्रारंभ से 3 वर्षों के पूर्व बैंक सेवा छोड़ता है तो बैंक इस बाँड का अपने पक्ष में भुगतान करा लेगा.

बैंक ज्वाइन करते समय अधिकारियों का पदनाम 'परिवीक्षाधीन अधिकारी' होगा और उन्हें 2 वर्ष की परिवीक्षा पर रखा जाएगा. परिवीक्षा अवधि में उनका लगातार मूल्यांकन किया जाता रहेगा. बैंक द्वारा पूर्व निर्धारित न्यूनतम मानदंडों के अनुसार जो अधिकारी मूल्यांकन में पास हो जाएंगे, उन्हें बैंक सेवा में कनिष्ठ प्रबंधन श्रेणी वेतनमान–1 (जेएमजीएस–1) में स्थाई कर लिया जाएगा. पुनः जो अधिकारी बैंक द्वारा निर्धारित मानकों/स्कोर से उच्च स्थान प्राप्त करते हैं, उन्हें स्थाई करने के तुरंत बाद बैंक सीधे अगली उच्च श्रेणी अर्थात मध्यम प्रबंधन श्रेणी अधिकारी–2 (एमएमजीएस–2) में नियुक्त कर सकता है.

यदि कोई अधिकारी न्यूनतम निर्धारित मानदंड पूरा नहीं कर पाता है तो बैंक नियमों के अनुसार उसकी सेवा समाप्त कर दी जाती है.

बैंक अपने अधिकारियों के कैरियर में संवृद्धि के लिए विदेश में पदस्थापना सहित उन्हें विकल्प के प्रचुर अवसर उपलब्ध कराता है. बैंक की पदोन्नति नीति इतनी आकर्षक है कि यह मेधावी और विशेष प्रतिभावान अधिकारियों को एक तर्कसंगत अवधि में शीर्ष प्रबंधन श्रेणी तक पहुँचा देती है.

**8. आवेदन शुल्क और सूचना प्रभार : (वापस न करने योग्य):**

| क्र. | श्रेणी | कुल |
|---|---|---|
| 1. | अजा/अजजा/पीडब्ल्यूडी | ₹125/- (सूचना प्रभार मात्र) |
| 2. | सामान्य/ईडब्ल्यूएस/अपिव | ₹750/- (आवेदन शुल्क और सूचना प्रभार) |

एक बार भुगतान किया गया शुल्क/सूचना प्रभार न तो वापस किया जाएगा और न ही उस राशि को अन्य किसी परीक्षा या अन्य चयन के लिए रोककर रखा जाएगा.

**9. परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण :**

भारतीय स्टेट बैंक द्वारा अ.जा./अ.ज.जा./धार्मिक अल्पसंख्यक समुदाय के उम्मीदवारों के लिए भारत सरकार द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार निम्न केंद्रों पर परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण की व्यवस्था की जा सकती है, वे उम्मीदवार जो उपर्युक्त श्रेणियों से संबंधित हैं और अपने खर्च पर इस प्रशिक्षण के इच्छुक हैं, वे ऑन–लाइन आवेदन करते समय संबंधित कालम में सूचित करें. प्रशिक्षण केंद्रों की निर्देशात्मक सूची नीचे प्रस्तुत की गई है.

अगरतला, आगरा, अहमदाबाद, आइजवाल, अकोला, इलाहाबाद, आसनसोल, औरंगाबाद, बरेली, भुवनेश्वर, बरहमपुर (गंजम), भोपाल, बेंगलुरू, चंडीगढ़, चेन्नई, कोयम्बतुर, देहरादून, डिब्रूगढ़, एर्णाकुलम, गंगटोक, गोरखपुर, गुलबर्गा, गुवाहाटी, हुबली, हैदराबाद, इम्फाल, इंदौर, इटानगर, जबलपुर, जयपुर, कानपुर, कोहिमा, कोलकाता, लखनऊ, मदुराई, मेरठ, मुंबई, मैसूर, नागपुर, नई दिल्ली, पणजी (गोवा), पटना, पोर्ट ब्लेयर, पूर्णिया, पुणे, रायपुर, रांची, संबलपुर, सिलचर, सिलीगुडी, शिलांग, श्रीनगर, तुरा, तिरुपति, वडोदरा, वाराणसी, विशाखापट्नम, विजयवाडा

बैंक प्रशिक्षण हेतु दर्शाए गए केन्द्रों में कुछ नए केन्द्र जोड सकता है या उनमे से कुछ को हटा भी सकता है. जिन उम्मीदवारों ने परीक्षा–पूर्व प्रशिक्षण का विकल्प मांगा है, वे प्रशिक्षण के लिए कॉल लेटर को पंजीयन नंबर और पास वर्ड/जन्म दिनांक की प्रविष्टि करके बैंक की वेबसाइट से डाउनलोड करें. कॉल लेटर की हार्ड प्रति डाक द्वारा नहीं भेजी जाएगी.

**10. अवसरों की संख्या:**

| श्रेणी | अवसरों की संख्या |
|---|---|
| सामान्य/ ईडब्ल्यूएस | 4 |
| सामान्य/ ईडब्ल्यूएस (पीडब्ल्यूडी) | 7 |
| अपिव | 7 |
| अपिव (पीडब्ल्यूडी) | 7 |
| अजा/अजजा (पीडब्ल्यूडी)/अजा/अजजा (पीडब्ल्यूडी) | कोई प्रतिबंध नहीं |

जो उम्मीदवार अनुमत अवसरों की अधिकतम संख्या तक परीक्षा में बैठ चुके हैं, वे आवेदन करने के लिए पात्र नहीं है. अवसरों की संख्या दि. 18.04.2010 को हुई परीक्षा से गिनी जाएगी. प्रारंभिक परीक्षा में हाजिर होना कोई अवसर नहीं माना जाएगा.

**11. आवेदन कैसे करें :**

उम्मीदवार 02.04.2019 से 22.04.2019 तक केवल ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं. किसी भी अन्य तरीके से किया गया आवेदन स्वीकार्य नहीं होगा.

ऑनलाइन आवेदन के लिए पूर्वापेक्षा –

उम्मीदवार की वैध ई–मेल आईडी होनी चाहिए, जिसे परिणाम घोषित होने तक सक्रिय रखना होगा. बैंक से किए जाने वाले किसी भी संप्रेषण, किसी भी प्राप्ति के लिए यह आवश्यक होगी.

ऑनलाइन आवेदन भरने के लिए दिशानिर्देश :

उम्मीदवारों को बैंक की वेबसाइट **https://bank.sbi/careers** या **https://www.sbi.co.in/careers** के माध्यम से अपना पंजीकरण स्वयं ऑनलाइन करना होगा. पंजीकरण के बाद उम्मीदवार को आवश्यक आवेदन शुल्क ऑनलाइन तरीके से डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग से भरना होगा.

सहायता डेस्क : फार्म को भरने, फीस/सूचना प्रभार के भुगतान या प्रवेश कॉल लेटर की प्राप्ति के बारे में यदि कोई समस्या हो तो, फोन नं 022-22820427 पर (कामकाज के दिनों में सुबह 11.00 से शाम 6.00 के बीच) या http://cgrs.ibps.in पर अपना प्रश्न पूछा जा सकता है. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि अपने ईमेल का विषय 'RECRUITMENT OF PROBATIONARY OFFICERS IN STATE BANK OF INDIA-2019' लिखना न भूलें.

**अ. पंजीयन शुल्क (फीस) का भुगतान (केवल ऑनलाइन द्वारा):**

i. फोटोग्राफ और हस्ताक्षर स्कैन करने के लिए दिए गये दिशा–निर्देशों के अनुसार उम्मीदवार पहले अपना फोटोग्राफ और हस्ताक्षर स्कैन करें.

ii. उम्मीदवार बैंक की वेबसाइट **https://bank.sbi/careers** या **https://www.sbi.co.in/careers** देखें और करंट ओपनिंग पर उपलब्ध ऑनलाइन आवेदन–प्रारूप को खोलें.

iii. आवेदन–पत्र सावधानी से भरें. आवेदन पत्र पूर्णतः भरने के बाद उम्मीदवार डाटा प्रस्तुत करें. प्रथम कोशिश में यदि उम्मीदवार डाटा पूर्णतः नही भर सकते हैं. तो पहले ही प्रविष्ट डाटा को सेव कर सकते हैं. जब डाटा सेव हो जाता है तब अनन्तिम पंजीयन संख्या और पासवर्ड प्रणाली द्वारा तैयार होगा और वह स्क्रीन पर दिखाई देगा. उम्मीदवार पंजीकरण संख्या और पासवर्ड लिख लें. पंजीकरण संख्या ओर पासवर्ड की मदद से वे सेव किया हुआ डाटा फिर से खोलें और यदि जरूरी हो, तो विवरण को एडिट करें. **यह सुविधा केवल तीन बार उपलब्ध होगी.** आवेदन–पत्र पूर्णतः भरने के बाद उम्मीदवार डाटा प्रस्तुत करें. इसके बाद कोई बदलाव/संशोधन की अनुमति नहीं हैं. इस स्तर पर पंजीकरण अनन्तिम है.

iv. आवेदन–पत्र में भरे विवरण सही हैं, यह सुनिश्चित करने के बाद आवेदन को स्क्रीन पर उपलब्ध निर्देशों के अनुसार आवेदन–पत्र के साथ समन्वित पेमेंट गेट वे के माध्यम से भुगतान करना होगा.

v. भुगतान डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग से स्क्रीन पर पूछी गई जानकारी प्रस्तुत करने के बाद किया जा सकता है. ऑन लाइन भुगतान के लिए यदि कोई लेनदेन शुल्क हो, तो वह उम्मीदवार को अदा करना होगा.

vi. सफलतापूर्वक भुगतान पूर्ण होने पर, ई–रसीद एवं आवेदन पत्र तैयार होगा, जिसका प्रिंटआउट आवेदक अपने रेकार्ड हेतु ले लें. आवेदन का प्रिंटआउट बैंक को **न** भेजें.

vii. यदि ऑन लाइन लेनदेन सफलतापूर्वक पूर्ण नहीं होता है, तो कृपया पुनः पंजीकरण करें. आवेदक ऑनलाइन लिंक पर जाएं और अपना आवेदन विवरण पुनः भरकर ऑनलाइन भुगतान करें.

viii. ई–रसीद एवं फीस विवरण सहित आवेदन पत्र फिर से प्रिन्ट करने की सुविधा बाद में उपलब्ध होगी.

**ब. फोटोग्राफ और हस्ताक्षर के स्कैनिंग के लिए दिशा–निर्देश :**

ऑनलाइन आवेदन करने के पहले उम्मीदवार को निम्न निर्देशित विशेष विवरण के अनुसार अपने फोटोग्राफ एवं हस्ताक्षर की स्कैन्ड (डिजिटल) इमेज अनुलग्नक –**II** के अनुसार बनानी होगी. विशेष विवरण के अनुसार फोटो और हस्ताक्षर अपलोड किए बगैर ऑनलाइन आवेदन का पंजीयन नहीं होगा.

टिप्पणी : i. यदि फोटोग्राफ में चेहरा या हस्ताक्षर स्पष्ट नहीं है, तो उम्मीदवार का आवेदन अस्वीकार हो सकता है.

ii. यदि फोटोग्राफ या हस्ताक्षर स्पष्ट नहीं है, तो उम्मीदवार अपना आवेदन एडिट करें और फोटो और हस्ताक्षर पुनः अपलोड करें.

**12. लिखित परीक्षा के लिए कॉल लेटर्स डाउनलोड करें:**

उम्मीदवार बैंक की वेबसाइट पर जाकर अपना पंजीयन नंबर एवं पासवर्ड/जन्म दिनांक की प्रविष्टि करके कॉल लेटर (पूर्व परीक्षा प्रशिक्षण/ प्रारंभिक परीक्षा/ मुख्य परीक्षा/ जीई और साक्षात्कार) और 'एक्वेंट योरसेल्फ' पुस्तिका डाउनलोड करें.

कॉल लेटर/एक्वेंट योरसेल्फ पुस्तिका की कोई भी हार्ड कॉपी डाक द्वारा नहीं भेजी जाएगी.

**13. पहचान–पत्र की पुष्टि परीक्षा के समय प्रस्तुत करनी होगी.**

उम्मीदवार अपने साथ एक फोटो पहचान प्रमाण जैसे पासपोर्ट/आधार/पैन कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस/मतदाता कार्ड/ विधिवत साक्ष्यांकित फोटो वाली बैंक पासबुक/स्कूल या कॉलेज/राजपत्रित अधिकारी द्वारा आधिकारिक लेटरहेड पर जारी फोटो पहचान पत्र और उसकी स्वयं साक्ष्यांकित फोटोकापी भी लेकर आएं. पहचान–प्रमाण की फोटो कॉपी कॉल लेटर के साथ परीक्षा हॉल में पर्यवेक्षक को देनी होगी, ऐसा न करने पर उम्मीदवार की पहचान पर संदेह होने पर उस उम्मीदवार को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी.

**14. बायोमेट्रिक सत्यापन :**

बैंक विभिन्न स्तरों पर उम्मीदवारों के अंगूठे के निशान डिजिटल प्रारूप मे ले सकता है, ताकि उम्मीदवार की प्रामाणिकता सत्यापित हो सके. किसी उम्मीदवार के नकली होने की बात सामने आने पर उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई के साथ–साथ उसकी उम्मीदवारी को भी रद्द कर दिया जाएगा. अतः आवेदक को सलाह दी जाती है कि वे अपने हाथ पर बाह्य पदार्थ जैसे मेहंदी, स्याही, कोई रसायन इत्यादि न लगाए.

उम्मीदवार को यह सुनिश्चित करना होगा कि विभिन्न स्तरों पर सही अंगूठे के निशान संकलित हो, किसी भी प्रकार की असंगति पर उम्मीदवार की उम्मीदवारी को रद्द कर दिया जाएगा.

**15. कदाचार के दोषी पाए गए उम्मीदवारों के विरुद्ध कार्रवाई**

क. उम्मीदवारों को यह चेतावनी दी जाती है कि ऐसा कोई विवरण न दें/संलग्न न करें जो असत्य, जाली/बनावटी हो या आवेदनपत्र भरते समय किसी भी महत्वपूर्ण सूचना को न छिपाएँ.

ख. यदि लिखित परीक्षा/साक्षात्कार के समय कोई उम्मीदवार निम्नलिखित बातों का दोषी पाया जाता है : (i) परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों का प्रयोग करना या (ii) छद्म व्यक्ति बनकर छद्म व्यक्ति द्वारा परीक्षा देना या (iii) परीक्षा हॉल में दुर्व्यवहार करना या (iv) उम्मीदवार के रूप में अपने चयन हेतु किसी अनियमित या अनुचित साधन का आश्रय लेना या (v) अपनी उम्मीदवारी के संबंध में किसी भी अनुचित साधन की सहायता लेना, तो ऐसे उम्मीदवार के विरुद्ध आपराधिक कार्यवाही तो होगी ही, साथ ही:

- जिस परीक्षा में भाग ले रहे होंगे, उसमें उसे अयोग्य घोषित किया जाएगा.
- भारतीय स्टेट बैंक द्वारा संचालित भर्ती के लिए किसी भी परीक्षा से स्थायी रूप से या किसी निश्चित अवधि के लिए वंचित कर दिया जाएगा.

ग. बैंक उम्मीदवार के जवाबों का परीक्षा में शामिल अन्य उम्मीदवारों के जवाबों के साथ समानता ढूँढ़ने के लिए विश्लेषण करता है. इस विश्लेषण के आधार पर यदि यह पाया गया कि जवाब एक जैसे हैं, और प्राप्त अंक यथार्थ/वैध नहीं है, तो बैंक के पास उम्मीदवारिता रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है.

(घ) उम्मीदवारों को मोबाइल फोन, पेजर, कैलक्यूलेटर या ऐसे उपकरण का उपयोग करने की अनुमति नहीं है.

i. जहां परीक्षा आयोजित की गयी है, उस परिसर में मोबाइल फोन, पेजर्स या कोई भी संचार उपकरण लाने की अनुमति नहीं है. इन सूचनाओं का पालन न करने वाले उम्मीदवारों की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और भविष्यकालीन परीक्षाओं में शामिल होने की अनुमति न मिलने के साथ–साथ उन पर अनुशासनिक कार्रवाई भी की जाएगी.

ii. उम्मीदवारों को उनके हित में यह सूचना दी जाती है कि वे मोबाइल फोन/पेजर्स जैसी निषिद्ध वस्तुएं परीक्षा परिसर में न लाएं क्योंकि इन चीजों के सुरक्षित रखरखाव का आश्वासन नहीं दिया जा सकता.

iii. उम्मीदवारों को परीक्षा परिसर में कैलक्यूलेटर लाने या उसका उपयोग करने की अनुमति नहीं है.

**16. सामान्य सूचना :**

i. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन–पत्र प्रस्तुत करने पर प्रणाली द्वारा निर्मित अपने ऑन लाइन आवेदन–पत्र का प्रिंट आउट ले.

ii. उम्मीदवार ने जिस पद के लिए आवेदन किया है, उस पद के लिए अपनी पात्रता के बारे में संतुष्टि करें ऐसे सभी उम्मीदवारों को ऑन लाइन आवेदन में प्रस्तुत जानकारी और आवश्यक फीस का भुगतान करने पर परीक्षा में शामिल होने की बैंक अनुमति देगा और साक्षात्कार के समय पात्रता को निर्धारित करेगा.

iii. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि से काफी पहले ऑन लाइन आवेदन करें और फीस का भुगतान करें ताकि इंटरनेट पर अतिभार से या वेबसाइट बंद होने से डिस्कनेक्शन/असहायता/वेबसाइट पर लॉग ऑन के लिए असमर्थता आदि न हो.

iv. ऊपरनिर्दिष्ट कारणों से या एसबीआई के नियंत्रण के बाहर के कारणों से अंतिम तिथि के पहले आवेदन प्रस्तुत करने में असमर्थता होने वाले उम्मीदवारों की जिम्मेदारी भारतीय स्टेट बैंक की नहीं होगी.

v. उम्मीदवार एक से अधिक आवेदन प्रस्तुत न करें. यदि उम्मीदवार एक से अधिक आवेदन करता है, तो केवल अंतिम वैध (पूर्ण) आवेदन मान्य होगा और आवेदन शुल्क/सूचना प्रभार जो अन्य आवेदनपत्रों के लिए भरा है उसे जब्त किया जाएगा. उम्मीदवार की परीक्षा में/या समूह कार्य और साक्षात्कार के लिए अनेक बार उपस्थिति/प्रकटन मान्य नही होगा और उसकी उम्मीदवारिता रद्द की जाएगी.

vi. परीक्षा के आयोजन के समय कुछ प्रशासनिक समस्याओं के उत्पन्न होने की संभावना से पूरी तरह इनकार नहीं किया जा सकता है, जिसका प्रभाव परीक्षा के आयोजन तथा/अथवा परिणामों पर भी पड़ सकता है. ऐसी स्थिति में, ऐसी समस्या को दूर करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा और ऐसे प्रयास में यदि आवश्यक हुआ तो दूसरी परीक्षा का आयोजन करना शामिल है.

vii. जो उम्मीदवार सरकारी/अर्ध-सरकारी कार्यालय, राष्ट्रीयकृत बैंकों और वित्तीय संस्थानों सहित सभी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत हैं, उनको सलाह दी जाती है कि वे अपने नियोक्ता से 'अनापत्ति प्रमाणपत्र' लेकर साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करें जिसके बिना उनकी उम्मीदवारिता रद्द की जा सकती है और यात्रा किराया, यदि कोई हो, तो उसका भुगतान नहीं किया जाएगा.

viii. चयन होने पर, नियुक्ति स्वीकारने के समय, उम्मीदवार को अपने पूर्व नियोक्ता से उचित कार्य-मुक्त प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा.

ix. पात्रता मानदंड और जन्म तिथि के प्रमाण के बारे में मूल दस्तावेज साक्षात्कार की तारीख को सत्यापन के लिए प्रस्तुत किए जाने चाहिए. यदि साक्षात्कार की तारीख को सत्यापन के लिए मूल प्रमाणपत्र प्रस्तुत नहीं किए जाते हैं तो उम्मीदवार को साक्षात्कार में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी.

x. अ.जा/अ.ज.जा उम्मीदवारों को यदि साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है, तो उन्हें भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप पर प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी जाति-प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा.

xi. अ.पि.व. श्रेणी में आरक्षण चाहने वाले उम्मीदवारों को निर्धारित प्रारूप में घोषणापत्र देना होगा कि वह दिनांक **22.04.2019** को क्रीमी लेयर में समाविष्ट नहीं था. 'नॉन क्रीमी लेयर' उल्लिखित अपिव प्रमाणपत्र वाले उम्मीदवारों को यदि साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है, तो उन्हें दि.**01.04.2019** से साक्षात्कार की तिथि तक जारी किया हुआ प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना चाहिए.

xii. ईडब्ल्यूएस श्रेणी के तहत आरक्षण का लाभ भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी ' आय और संपत्ति प्रमाण पत्र 'के प्रस्ततीकरण पर उठाया जा सकता है.

xiii. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती हैं कि वे अपना ई-मेल आईडी कॉल लेटर/साक्षात्कार निर्देश आदि पाने के लिए एक्टिव रखें.

xiv. चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति बैंक द्वारा नियुक्त/अनुमोदित चिकित्सा अधिकारी (अधिकारियों) द्वारा चिकित्सा की दृष्टि से स्वस्थ घोषित किए जाने के अध्यधीन होगी.

xv. इस विज्ञापन तथा/अथवा इसके प्रत्युत्तर में आने वाले आवेदन के कारण किसी दावे या विवाद होने की स्थिति में हर कानूनी कार्यवाही के लिए किसी भी दावे/विवाद पर वाद सिर्फ मुंबई में ही शुरू किया जाएगा तथा मुंबई में ही स्थित न्यायालयों/ न्यायाधिकरणों/ मंचो को ही ऐसे वाद/विवाद निपटाने का एकमात्र तथा विशेष क्षेत्राधिकार रहेगा.

**17. घोषणा** :

इस प्रक्रिया से जुड़ी सभी भावी घोषणाएँ/सूचनाएँ समय-समय पर केवल एसबीआई की अधिकृत वेबसाइट https://bank.sbi/careers या https://www.sbi.co.in/careers पर ही प्रकाशित/उपलब्ध कराई जाएगी.

**18. दावा-परित्याग** :

भर्ती प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर इस बात का पता चलने पर कि कोई उम्मीदवार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं कर रहा है और या उसने कोई गलत जानकारी दी है या किसी महत्त्वपूर्ण बात को छिपाया है, तो उसकी उम्मीदवारिता को रद्द कर दिया जाएगा. यदि इनमें से कोई बात नियुक्ति के बाद उजागर हो, तब भी उस उम्मीदवार की नौकरी रद्द की जा सकती है. पात्रता, लिखित परीक्षा, अन्य परीक्षाओं का आयोजन और चयन आदि मामलों में बैंक का निर्णय अंतिम होगा और वह सभी उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी रहेगा. इस बारे में किसी भी अभ्यावेदन या पत्राचार पर ध्यान नहीं दिया जाएगा.

**मुंबई**
**दिनांक:** 02.04.2019

**अभी आवेदन करें**

**महाप्रबंधक**
**(सीआरपीडी)**

**प्रिटिंग में यदि कोई त्रुटि हो, तो बैंक इसके लिए ज़िम्मेदार नहीं होगा.**

**परीक्षा केंद्र (अनन्तिम सूची)**

| राज्य कोड | राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश | प्रारंभिक परीक्षा केंद्र | मुख्य परीक्षा केंद्र |
|---|---|---|---|
| 11 | अण्डमान और निकोबार | पोर्ट ब्लेयर | पोर्ट ब्लेयर |
| 12 | आंध्र प्रदेश | चिराला, चितूर, एलुरु, गुंटुर, कडप्पा, काकीनाडा, कुर्नुल, नेल्लोर, ओंगोले, राजमुंद्री, श्रीकाकुलम, तिरूपति, विजयवाडा, विशाखापट्नम, विजियानगरम | गुंटुर, कुर्नुल, विजयवाडा, विशाखापट्नम |
| 13 | अरुणाचल प्रदेश | नाहरलगुन | नाहरलगुन |
| 14 | असम | डिबरूगढ़, गुवाहाटी, जोराहट, सिलचर, तेजपुर | गुवाहाटी |
| 15 | बिहार | आरा, औरंगाबाद (बिहार), भागलपुर, दरभंगा, गया, मुज़फ्फरपुर, पटना, पुर्णिया | आरा, पटना |
| 16 | चंडीगढ़ | चंडीगढ़ | चंडीगढ़ |
| 17 | छत्तीसगढ़ | भिलाई, बिलासपुर, रायपुर | रायपुर |
| 18 | गोवा | पणजी | पणजी |
| 19 | गुजरात | अहमदाबाद, आणंद, गांधीनगर, हिम्मतनगर, जामनगर, मेहसाणा, राजकोट, सुरत, वडोदरा | अहमदाबाद, गांधीनगर |
| 20 | हरियाणा | अंबाला, फरीदाबाद, गुरुग्राम, हिसार, करनाल, कुरुक्षेत्र, पानीपत, यमुनानगर | हिसार, फरीदाबाद, गुरुग्राम |
| 21 | हिमाचल प्रदेश | बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, कुलू, मंडी, शिमला, सोलन, ऊना | शिमला, सोलन |
| 22 | जम्मू और कश्मीर | जम्मू, सांबा, श्रीनगर | जम्मू, श्रीनगर |
| 23 | झारखंड | बोकारो, धनबाद, हजारीबाग, जमशेदपुर, रांची | जमशेदपुर, रांची |
| 24 | कर्नाटक | बेलगाम, बेंगलुरू, बिदर, दावांगेरे, धारवाड, गुलबर्गा, हासन, हुबली, मंड्या, मंगलोर, मैसूर, शिमोगा, उडिपी | बेंगलुरू |
| 25 | केरल | अलप्पुझा, कन्नुर, कोचि, कोल्लाम, कोट्टायम, कोझिकोडे, मलप्पुरम, पालक्कड, त्रिचुर, तिरुवनंतपुरम | कोचि, तिरुवनंतपुरम |
| 26 | लक्षद्वीप | कवराती | कवराती |
| 27 | मध्य प्रदेश | भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर, सतना, सागर, उज्जैन | भोपाल, इंदौर |
| 28 | महाराष्ट्र | अमरावती, औरंगाबाद, चंद्रपुर, धुळे, जळगांव, कोल्हापुर, लातूर, मुंबई/ठाणे/नवी मुंबई, नागपुर, नांदेड, नासिक, पुणे, रत्नागिरी, सोलापुर | औरंगाबाद, नागपुर, पुणे, मुंबई/ठाणे/नवी मुंबई |
| 29 | मणिपुर | इम्फाल | इम्फाल |
| 30 | मेघालय | शिलांग | शिलांग |
| 31 | मिज़ोरम | आइजवाल | आइजवाल |
| 32 | नागालैंड | कोहिमा | कोहिमा |
| 33 | दिल्ली – एनसीआर | दिल्ली और नई दिल्ली | दिल्ली और नई दिल्ली |
| 34 | ओडिशा | बालासोर, बरहमपुर (गंजम), भुवनेश्वर, कटक, धेनकनाल, राऊरकेला, संबलपुर | भुवनेश्वर |
| 35 | पुडुचेरी | पुडुचेरी | पुडुचेरी |
| 36 | पंजाब | अमृतसर, भटिण्डा, फतेगढ़साहिब, जालंधर, लुधियाना, मोहाली, पठाणकोट, पटियाला, संगरुर | भटिण्डा, जालंधर, लुधियाना, मोहाली, पटियाला |
| 37 | राजस्थान | अजमेर, अलवर, बीकानेर, जयपुर, जोधपुर, कोटा, सीकर, उदयपुर | जयपुर |
| 38 | सिक्किम | गंगटोक, बर्दांग | गंगटोक |
| 39 | तमिलनाडु | चेन्नई, कोयम्बतूर, ईरोड, मदुराई, नागरकोईल, सालेम, तंजावुर, तिरुचिरापल्ली, तिरुनेलवेल्ली, वेल्लोर, विरुदुनगर | चेन्नई, मदुराई, तिरुनेलवेल्ली |
| 40 | तेलंगाना | हैदराबाद, करीमनगर, खम्माम, वारंगल | हैदराबाद |
| 41 | त्रिपुरा | अगरतला | अगरतला |
| 42 | उत्तर प्रदेश | आगरा, अलीगढ़, इलाहाबाद, बरेली, बांदा, फैजाबाद, गाजियाबाद, गोंडा, गोरखपुर, झाँसी, कानपुर, लखनऊ, मथुरा, मेरठ, मुरादाबाद, मुझफ्फरनगर, नोएडा/ग्रेटर नोएडा, सीतापुर, वाराणसी | आगरा, इलाहाबाद, गाजियाबाद, नोएडा/ग्रेटर नोएडा, कानपुर, लखनऊ, मेरठ, वाराणसी |
| 43 | उत्तराखंड | देहरादून, हल्द्वानी, रुड़की | देहरादून |
| 44 | पश्चिम बंगाल | आसनसोल, दुर्गापुर, हुगली, कल्याणी, कोलकाता, सिलिगुडी | हुगली, कल्याणी, कोलकाता |

**फोटोग्राफ (4.5 से.मी.× 3.5 से.मी.) और हस्ताक्षर स्कैनिंग और उनको अपलोड करने के लिए दिशानिर्देश**

ऑनलाइन आवेदन करने से पहले उम्मीदवार के पास निम्नलिखित विनिर्देशों के अनुसार फोटोग्राफ और हस्ताक्षर के स्कैन की हुई (डिजिटल) इमेज होना आवश्यक होगा.

**फोटोग्राफ इमेज** :

- फोटोग्राफ अद्यतन, पासपोर्ट साइज और रंगीन होना चाहिए
- पिक्चर रंगीन होनी चाहिए और वह सफेद या फीकी रंगीन पार्श्वभूमि पर होनी चाहिए.
- स्वस्थ चित्त होकर कैमरे की ओर सीधे देखें.
- यदि फोटो सूर्यप्रकाश में ली जाएं तो सूरज आपके पीछे हो या आप छाया में खड़े हो, जिससे आपका फोटो साफ आए.
- अगर आपको फ्लैश का उपयोग करना पड़े तो 'रेड आई' न हो.
- अगर आप चश्मे का उपयोग करते हैं, तो आपकी आँखे साफ नजर आने के लिए चश्मे पर प्रतिबिंब न हो.
- टोपियाँ, हैट और काला चश्मा स्वीकार्य नहीं है. धार्मिक परंपरा के अनुसार पगड़ी स्वीकार्य है, पर उससे आपका चेहरा ढकना नहीं चाहिए.
- आयाम 200 x 230 पिक्सैल (वरीयतः)
- फाइल का साइज 20 केबी-50 केबी के दरम्यान हो.
- सुनिश्चित करें कि स्कैन की हुई फोटो की साइज 50 केबी से अधिक न हो. उसके बाद स्कैनर का सेटिंग समायोजित इस तरह करें कि डीपीआई रिजोल्यूशन, रंगों की संख्या आदि स्कैनिंग ठीक हो.

**हस्ताक्षर इमेज** :

- उम्मीदवार सफेद कागज पर काले स्याही के पेन से हस्ताक्षर करें.
- हस्ताक्षर केवल उम्मीदवार का हो, और किसी अन्य व्यक्ति का हस्ताक्षर न हो.
- हस्ताक्षर का उपयोग कॉल लेटर पर या अन्यत्र जहाँ जरूरी हो, किया जाएगा
- परीक्षा के समय यदि उत्तर पुस्तिका (स्क्रिप्ट) पर किए हुए उम्मीदवार के हस्ताक्षर कॉल लेटर के हस्ताक्षर से नहीं मिलते, तो आवेदक को अपात्र समझा जाएगा.
- आयाम 140 x 60 पिक्सेल (वरीयतः)
- फाइल की साइज 10 केबी-20 केबी हो
- सुनिश्चित करें कि स्कैन किए हुए हस्ताक्षर का आकार 20 केबी से अधिक न हो.
- कैपिटल अक्षरों में किया गया हस्ताक्षर स्वीकृत नहीं होगा.

**फोटोग्राफ और हस्ताक्षर स्कैनिंग** :

- स्कैन का रिजोल्यूशन न्यूनतम 200 डीपीआई (डॉटस् प्रति इंच) सेट करें.
- असली कलर सेटिंग करें.
- फाइल साइज, जैसा ऊपर विनिर्दिष्ट किया गया है.
- फोटोग्राफ/हस्ताक्षर इमेज स्कैनर पर रखें, तत्पश्चात अपलोड एडिटर की मदद से इमेज को अंतिम साइज में लाएं (जैसा ऊपर विनिर्दिष्ट किया गया है)
- प्रतिमा की फाइल जेपीजी या जेपीईजी फारमैट में हो. उदाहरण के लिए फाइल का नाम 'image01.jpg' अथवा 'image01.jpeg'. इमेज के आयाम की जांच फोल्डर फाइल का लिस्टिंग करके या माऊस को फाइल इमेज आईकॉन की ओर घुमाकर की जा सकती है.
- एमएस विन्डोज/एमएस ऑफिस इस्तेमाल करने वाले उम्मीदवार फोटोग्राफ और हस्ताक्षर जेपीईजी फारमैट में जो क्रमश: 50 केबी और 20 केबी से अधिक न हो, एमएस पेन्ट या एमएस ऑफिस पिक्चर मैनेजर की मदद से आसानी से कर सकते हैं. किसी भी फारमैट में उपलब्ध स्कैन्ड फोटो और हस्ताक्षर जेपीईजी फारमैट में 'सेव एज' विकल्प चुनकर फाइल मेनू में सेव किया जा सकता है और फोटो का साइज 50 केबी से कम और हस्ताक्षर का साइज 20 केबी से कम साइज में लाया जा सकता है. इसके लिए क्रॉप का और रिसाइज विकल्प 'इमेज मेन्यू' में करें ( पिक्सैल साइज के लिए कृपया उपर्युक्त बिंदु 1.और 2. देखें). इसी तरह का विकल्प अन्य फोटो एडिटर में भी उपलब्ध है.
- यदि फाइल साइज एवं फारमैट निर्धारित मानदंड के अनुसार नहीं है, तो तुटि संदेश (error) नजर आएगा.
- ऑनलाइन आवेदन करते समय उम्मीदवार को उसका फोटो और हस्ताक्षर अपलोड करने के लिए लिंक का उपलब्ध कराया जाएगा.

**फोटोग्राफ और हस्ताक्षर अपलोड करने की कार्य प्रणाली:**

- फोटोग्राफ और हस्ताक्षर अपलोड करने के लिए दो अलग-अलग लिंक होंगे.
- संबंधित लिंक पर 'अपलोड फोटोग्राफ/हस्ताक्षर' क्लिक करें.
- स्कैन्ड फोटो/हस्ताक्षर फाइल जहाँ पर 'सेव' की गई हो, वह स्थान ढूँढ़कर सिलेक्ट करें.
- क्लिक से फाइल सिलेक्ट करें.
- 'ओपन/अपलोड' बटन पर क्लिक करें

**आपका ऑनलाइन आवेदन तब तक पंजीकृत नहीं होगा जब तक कि आप फोटोग्राफ और हस्ताक्षर को निर्दिष्ट तरीके से अपलोड नहीं करते हैं.**

**नोट:**

(1) यदि फोटोग्राफ में चेहरा या हस्ताक्षर साफ नहीं दिख रहा है, तो उम्मीदवार का आवेदन अस्वीकृत हो सकता है. ऑनलाइन आवेदन फार्म में फोटोग्राफ/हस्ताक्षर अपलोड करने के बाद उम्मीदवार को एक बार देख लेना चाहिए कि चित्र स्पष्ट है और ठीक तरीके से अपलोड किए गए हैं. फोटोग्राफ या हस्ताक्षर स्पष्ट रूप से दिखाई न देता हो, तो फॉर्म को जमा करने से पहले, उम्मीदवार अपने आवेदन में संशोधन कर सकता है तथा अपना फोटोग्राफ और हस्ताक्षर फिर से अपलोड कर सकता है.

(2) ऑनलाइन पंजीकरण करने के बाद उम्मीदवार को अपने सिस्टम द्वारा जनरेटेड ऑनलाइन आवेदन फार्म का प्रिंटआउट अपने पास रखने की सलाह दी जाती है.